**राजस्थान सरकार**

**निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर**

क्रमांकः– एफ.2 (क) (R–122) अलेसे–I/1099 दिनांकः– 5/8/2020

## आदेश

श्री रतन प्रकाश दर्जी, सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, जयपुर में दायर एस.बी.सिविल रिट याचिका संख्या 3985/2012 एवं विभाग द्वारा दायर डी.बी. स्पेशल अपील (याचिका) 258/2017 में मा. न्यायालय द्वारा जारी आदेश दिनांक 26.07.2016, संशोधन आदेश 26.09.2016 एवं 28.01.2020 की पालना में श्री रतन प्रकाश दर्जी के संबंध में राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1996 के नियम 53(1) के अन्तर्गत जारी अनिवार्य सेवानिवृत्ति के आदेश क्रमांकः एफ.2(क) एसएएस–1/582 दिनांक 21.09.2000 को एतद् द्वारा निरस्त किया जाता है तथा श्री दर्जी को दिनांक 21.09.2000 से पुनः निरन्तर सेवा में मानते हुए इनकी अधिवार्षिकी सेवानिवृत्ति दिनांक 31.05.2015 को मानी जाकर इन्हें दिनांक 31.05.2015, मध्यान्ह पश्चात् से राजकीय सेवा से सेवानिवृत्त किया जाता है।

उक्त प्रकरण के क्रम में वित्त (राजस्व) विभाग द्वारा जारी परिपत्र क्रमांक प.12(6)वित्त/नियम/2008 दिनांक 24.03.2015 के क्रम में यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री रतन प्रकाश दर्जी के विरूद्ध :–

1. राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अन्तर्गत कोई विभागीय जांच विचाराधीन/लम्बित नहीं है।
2. राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 19 के अन्तर्गत कोई विशेष प्रकिया की कार्यवाही विचाराधीन/लम्बित नहीं है।
3. कोई न्यायिक कार्यवाहियां विचाराधीन/लम्बित नहीं है।

(मुकुन्द सोहोनी)
निदेशक

क्रमांकः– एफ.2 (क) (R–122) अलेसे–I/1099 दिनांकः– 5/8/2020

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–**

1. मुख्य अभियंता (मुख्यालय), जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जयपुर।
2. निदेशक, पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. कोषाधिकारी, जयपुर (शहर)/शासन सचिवालय, जयपुर।
4. श्री रतन प्रकाश दर्जी, सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I, निवासी प्लॉट नं0 बी–144, जगदम्बा नगर, हीरापुरा, जयपुर।
5. निजी सचिव, निदेशक महोदय।
6. संयुक्त निदेशक (जांच)/उपविधि परामर्शी, कार्यालय हाजा।
7. उपनिदेशक (एसीपी) को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड हेतु।
8. निजी/रक्षित पत्रावली/पदस्थापन सीअ/वरिष्ठता सीट/एसीआर शाखा।

(भवानी सिंह मीणा)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)

ए–ब्लॉक, वित्त भवन, ज्योति नगर, जनपथ, जयपुर
Website - dta.raj.nic.in, E-Mail Id - jdp-ta-rj@nic.in Fax-2740735, Tel.- 2744134

D:\2016\Shyam ji\Order.doc102